# कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
# (चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 09.11.2021

## प्रेस विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में बी0ए0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय), बी0कॉम0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय) एवं एल0एल0बी0 (तीन वर्षीय) पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में प्रवेश हेतु द्वितीय वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांकः 11.11.2021 को प्रकाशित की जायेगी। द्वितीय वरीयता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में प्रवेश दिनांकः 11.11.2021 से दिनांक 13.11.2021 तक किये जायेंगे। विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांकः 13.11.2021 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा सम्पुष्ट (कन्फर्म) किया जाना अनिवार्य है।

विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में द्वितीय वरीयता सूची से प्रवेश लेने वाले समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी (login ID) से अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवश हेतु दिनांकः 11.11.2021 से दिनांक 13.11.2021 तक सम्पर्क कर सकते है।

द्वितीय वरीयता पर अंकित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अन्तिम अवसर दिया जायेगा।

09/11/21
प्रवेश समन्वयक